# गृहिणी स्वयं सेवी संस्था

GRIHINI गृहिणी
REGD.No. 4133

# वार्षिक रिर्पोट

**2016**

गृहिणी स्वयं सेवी संस्था अल्ट्राटेक प्रोजेक्ट कालोनी हिरमी वि.ख. सिमगा जिला बलौदाबाजार (छ.ग.)

## ❖ समूह आधारित आय अर्जक प्रशिक्षण कार्यक्रम

**उद्देश्यः–** शासकीय एवं गैर शासकीय संस्था के माध्यम से महिला समूह सशक्तिकरण हेतु आवासीय एवं गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर महिलाओ ंको रोजगार से जोड़ना।

| *क्रमॉक* | *गतिविधि* | *कार्यक्रम संख्या* | *प्रतिभागी संख्या* |
|---|---|---|---|
| *1* | *खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण* | *01* | *163* |
| 2 | बिजली बोर्ड प्रशिक्षण | 01 | 25 |
| 3 | अगरबत्ती प्रशिक्षण | 01 | 25 |
| 4 | रस्सी निर्माण प्रशिक्षण | 01 | 22 |
| 5 | किराना एवं पान दुकान प्रशिक्षण | 01 | 20 |
| 6 | सायकल रिपेरिंग प्रशिक्षण | 02 | 46 |
| 7 | सिलाई प्रशिक्षण | 02 | 50 |

## ❖ परियोजना अंतर्गत कार्यक्रम

**सामाजिक समावेशी परियोजनाः–**

**परियोजना का उद्देश्यः–** निःशक्तजनों की क्षमता में वृद्धि कर उन्हे स्व वकालत हेतु तैयार करना एवं विकास कार्यक्रमों में भागीदारी बढ़ाना साथ ही निःशक्तजनो के सामाजिक समावेशी हेतु शासकीय तंत्र और अन्य भागीदारों का सुदृढ़ीकरण करना ।

| **क्र.** | **गतिविधि** | **कार्यक्रम संख्या** | **प्रतिभागी संख्या** | **विवरण** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्व वकालत शायकीय अधिकारी के साथ | 01 | 125 | सिमगा ब्लाक के जनमानव विकलांग कल्याण संघ के सदस्यों के माध्यम से दिव्यांगजनों के मुलभूत सुविधाओं जैसे – पेंशन, रेल पास, बस पास, राशन कार्ड, विकलांग प्रमाण पत्र, लोन प्रक्रिया, सहायक उपकरण वितरण आदि विषयों पर ब्लाक स्तरीय स्ववकालत किया गया। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2 | समाज कल्याण विभाग द्वारा सहायक उपकरण हेतु जॉच एवं वितरण कार्यक्रम | 02 | 384 | पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग जिला बलौदाबाजार–भाटापारा जिला स्तरीय स्वास्थ्य जॉच एवं सहायक उपकरण शिविर 8 एवं 9 अप्रैल 2016 को शा.उ.मा. स्कुल में किया गया। जिसमें जिले के सभी 06 विकासखण्डो के दिब्यांग साथियों का स्वास्थ्य जॉच उपरांत सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन रखा गया इस कार्यक्रम के संचालन हेतु साक्षा रणनीति एवं सिमगा, पलारी व बलौदाबाजार विकासख्ण्ड के जरुरत मंद दिब्यांगो की सूची तथा दिब्यांगो को कार्यक्रम स्थल में सहयोग हेतु गृहिणी संस्था के कार्यकर्ता उपस्थित थें।<br><br>इस शिविर में 110 ट्रायसायकल, 06 बैसाखी, 17 व्हील चेयर एवं 15 श्रवण यंत्र उपकरण वितरण किया गया। जिसमें सिमगा, पलारी एवं बलौदाबाजार विकासखण्ड से शिविर में पुरुष 98 महिला 77 कुल 175 दिब्यांग साथी जॉच हेतु उपस्थित हुए जिसमें से सहायक उपकरण हेतु पुरुष 101 महिला 47 कुल 148 दिब्यांग साथियो को उपकरण प्राप्त हुआ। |
| 3 | दिब्यांगो का जिला स्तरीय युवक–युवती परिचय सम्मेलन | 01 | 185 | कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमान जनक राम वर्मा (विधायक बलौदाबाजार) के द्वारा दिप प्रज्जवलन कर किया गया तत्पश्चात गृहिणी संस्था अध्यक्ष श्रीमती रुपा श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित अतिथीयो दिब्यांग युवक–युवती एवं उनके पालको का स्वागत किया गया तथा संम्पूर्ण कार्यक्रम की रुपरेखा एवं उददेश्यो से अवगत कराया गया।<br>मुख्य अतिथि के द्वारा उद्बोधन में कहा गया कि संस्था द्वारा किया जा रहा आयोजन प्रसंषनीय है क्योकि जिले में दिब्यांगो हेतु परिचय सम्मेलन का आयोजन किसी संस्था या समाज द्वारा अभी तक नही किया गया है किसी को विवाह बंधन से जोड़कर जीवन साथी के लिए प्रेरित करना एवं कार्यक्रम आयोजन कर साथी तलास हेतु मंच प्रदान करना एक महान कार्य है साथ हि उनके जीवन में खुशियो का संचार कर उन्हे महत्वकांक्षी स्तर प्रदान करने का कार्य कर रही है साथ हि उपस्थित सभी दिब्यांगो एक पालको को कार्यक्रम में भागिदारी हेतु प्रोत्साहित करते हुए शुभआशिष प्रदान किया।<br>विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित श्रीमान भूपेन्द्र वर्मा (पूर्व जनपद संदस्य सिमगा) ने सभा को संम्बोधित करते हुए संस्था कि कार्यो को सराहनीय कार्य बताते हुए दिब्यांगो को कार्यक्रम के माध्यम से अपना जीवन साथी तलास कर सुखद वैवाहिक जीवन व्यतीत करने तथा समाज में अपना अलग पहचान बनाने हेतु प्रोत्साहित किया।<br>कार्यक्रम को आगे गति प्रदान करते हुए संस्था के कार्यकर्ता द्वारा दिब्यांगो को एक–एक कर मंच पर आमंत्रित किया तथा अपना नाम, पता, शैक्षणीक/तकनीकि योग्यता, वर्तमान कार्य पारिवारीक स्थिती के साथ अपने पसंद कि |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | युवक / युवती के बारे में बताने हेतु मंच प्रदान किया गया साथ हि उनके साथ आये पालको को अपने बच्चो के बारे में बताने हेतु समय दिया गया उपस्थित सभी युवक–युवती ने मंच के माध्यम से अपना परिचय प्रस्तुत किया जिसके बाद परिचयदाताओ मे से अपने पसंद के युवक–युवती एवं उनके परिवारजनो से सम्पर्क कर विवाह तय कर संस्था को सूचित करने हेतु जानकारी दि गयी ताकि कार्यक्रम के माध्यम से बने जोड़ो का अन्य संस्थाओ एवं शासकिय विभागो के साथ मिलकर विवाह कराया जा सकें।<br>कार्यक्रम के अंत में जिला कार्यक्रम समन्यक श्रीमान कामले जी के द्वारा अतिथियो, दिब्यांग युवक–युवतीयो एवं उनके परिवारजनो का कार्यक्रम में उपस्थिति हेतु आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम समापन कि घोषणा कि गयी। |
| 4 | पान ठेला एवं किराना दुकान | 01 | 25 | दिनांक 29 जुलाई से 01 अगस्त से गृहिणी स्वयं सेवी संस्था हिरमी एवं साईटसेवर्स के संयुक्त प्रयास से संचालित छत्तीसगढ़ सामाजिक समावेशी परियोजना अंतर्गत विकास खण्ड पलारी, सिमगा एवं बलौदाबाजार के चयनित दिब्यांग विभिन्न गांवो से आये दिब्यांग साथियो को चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण परियोजना ऑफिस बलौदाबाजार में रखा गया है। जिसके अतंर्गत पान ठेला एवं किराना दुकान कि व्यवसाय किस प्रकार प्रारम्भ किया जा सकता है, कितनी लागत कि आवश्यकता है आदि एवं एक दिव्याग साथि किस प्रकार इस कार्य को कर सकते है। जिसमें पलारी,सिमगा एवं बलौदाबाजार के चयनित लगभग 25–30 सदस्यो की प्रतिभागी भाग लिये है।<br>प्रशिक्षण का उद्देश्य एक दिव्यांग साथि अपने रोजगार से जुड़ सके ताकि वह समाज कि मुख्य धारा मे जुड़ सकें एवं अपने व अपने परिवार स्थिति को सुधार सकें |
| 5 | रस्सी निर्माण प्रशिक्षण | 01 | 25 | गृहिणी स्वयं सेवी संस्था एवं साइटसेवर्स के माध्यम से बलौदाबाजार जिले के 20 दृष्टिहीन एवं 5 अन्य दिव्यांगों के आजीविका हेतु तीन दिवसीय प्रषिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनॉक 22 से 24 सितम्बर तक किया है। छत्तीसगढ़ में कृषि एवं पषुपालन आधारित ग्रामीण मॉग एवं दृष्टिबाधितो की क्षमता को पहचान कर संस्था उन्हे पैरा, प्लास्टिक बोरी एवं पुराने कपड़े के बने विभिन्न प्रकार के रस्सी बनाने का प्रषिक्षण देकर इन्हे समूह में रोजगार करने का अवसर प्रदान कर रही है। इस प्रषिक्षण के प्रषिक्षक सुरेष निरी स्वयं भी दृष्टिबाधित होते हुए अपने सहयोगी के साथ अन्य दृष्टिहीनों को रोजगार हेतु प्रेरित कर रहे है। समस्त जानकारी संस्था अध्यक्ष श्रीमती रूपा श्रीवास्तव द्वारा दी गई। |
| 6 | चित्रकला प्रतियोगिता | 01 | 60 | नेत्र स्वास्थय एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता को लेकर गृहिणी स्वयं सेवी संस्था , हिरमी के तत्वधान में गृहिणी स्वयं सेवी संस्था के सामाजिक समावेषी परियोजना सूचना केन्द्र बलौदाबाजार में महिला बाल विकास, समाज कल्याण विभाग , जिला बाल संरक्षण इकाई बलौदाबाजार के सहयोग से विष्व दृष्टि दिवस के अवसर पर नेत्र स्वास्थय एवं सुरक्षा के प्रति |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | जागरूकता हेतु द्वियांग बाल चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जिला बलौदाबाजार के तीन विकासखण्ड बलौदाबाजार, सिमगा, पलारी में विकासखण्ड स्तरीय राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता दिनॉक 14.10.2016 से 21.10.2016 तक अल्प दृष्टि बाधित, श्रवण बाधित , अस्थि बाधित , मानसिक मंदता के निःषक्त बच्चों के लिए आयोजित कुल 60 बच्चें प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए थें जिसमें से 12 बच्चे जो कि 2 अल्प दृष्टि बाधित, 4 मुक बाधिर व 6 अस्थि बाधित बच्चों जो अपनें विकासखण्ड से चयन हुए है उनके बीच भिन्न – भिन्न विषयों को लेकर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।<br>नेत्र स्वास्थय एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सामाज कल्याण विभाग के उप संचालक सुश्री वीणा दीक्षीत जी, कार्यक्रम की अध्यक्षता गृहिणी स्वयं सेवी संस्था अध्यक्ष श्रीमति रूपा श्रीवास्तव जी, विषेष अतिथि जिला बाल संरक्षण इकाई बलौदाबाजार से श्री विजय दिवाकर जी (कार्यक्रम अधिकारी) , श्री प्रकाष दास जी (जिला कार्यक्रम समन्वयक) , श्रीमति अर्चना वैष्णव जी (संरक्षक कार्यकर्ता), इनके अलाव इस कार्यक्रम में निःषक्त बच्चों के पालक व गृहिणी स्वयं सेवी संस्था के कार्यकर्ता उपस्थिति थे।<br>चित्रकला प्रतियोगिता में 6 से 10 वर्ष वर्ग में कुमारी गीता यादव (सिमगा) प्रथम, कुमारी कुलेष्वरी निषाद (बलौदाबाजार) द्वितीय , 11 से 18 वर्ष वर्ग में भानुप्रताप ध्रुव (बलौदाबाजार) प्रथम , कुमारी मिथलेष यादव (सिमगा) द्वितीय स्थान रहें। जिनकों संस्था के अध्यक्ष श्रीमति रूपा श्रीवास्तव व अतिथि सुश्री वीणा दीक्षित, विजय दिवाकर , प्रकाष दास , अर्चना वैष्णव के द्वारा प्रतिक चिन्ह व मेडल के द्वारा सम्मानित किया गया, और सभी प्रतिभागीयों को भी मेडल से सम्मानित किया गया। |
| 7 | छत्तीसगढ़ राज्य इंड़ोर स्टेड़ियम रायपुर सहायक उपकरण कार्यक्रम | 01 | 210 | 15.10.2016 को मुख्यमंत्री डॉ.रमनसिह के जन्म दिन के अवसर पर दिव्यांग साथियो को सहायक उपकरण वितरण किया गया गृहिणी कार्यकर्ताओं के माध्य से बलौदाबाजार जिले के ब्लाक पलारी, सिमगा, बलौदाबाजार के 85 दिव्यांग साथियों को सहायक उपकरण (ट्रायसायकल एवं मोटराइज ट्रायसायकल) दिलाने में सहयोग किया गया। |
| 8 | दिव्यांगों का राज्य स्तरीय दिव्यांग तैराकी प्रतियोगिता | 01 | 35 | गृहिणी स्वयं सेवी संस्था द्वारा दिव्यांग साथियों हेतु लगातार किये जा रहे प्रयास एवं कार्यक्रम के आयोजन से दिव्यांग साथियों के आत्मविश्वास का परिचय दिनॉक 13 एवं 14 नवम्बर 2016 को संजय तरण पुष्कर बिलासपुर में **दसवॉ छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय दिव्यांग तैराकी प्रतियोगिता 2016** आयोजक–छत्तीसगढ़ विकलांग तैराकी संघ, बिलासपुर में बलौदाबाजार एवं रायपुर जिले के विभिन्न ब्लाक से 35 दिव्यांग साथियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और अपने उत्कृष्ठ खेल का प्रदर्षन किया ।<br><br>सिमगा से श्यामकुमार बांधे अस्थिबाधित दिब्यांग ने एस/8 वर्ग के 50 मिटर बैकस्टोक में द्वितीय स्थान प्राप्तकर सिल्वर मेडल एवं बिलाईगढ़ के कुमारी आंगन अस्थिबाधित दिब्यांग ने 50 मिटर फ्रिस्टाईल मे तृतीय स्थान प्राप्तकर ब्राज |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | मेडल हासिल किया एवं रायपुर जिले के आरंग विकासखण्ड से रागेष्वर निषाद ने एस/7 वर्ग के 50 मिटर बैकस्टोक मे प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्डमेडल व तिल्दा के सत्यम वर्मा दृष्टिबाधित दिब्यांग ने एस/11 वर्ग के फ्रिस्टाईल में द्वितीय स्थान प्राप्तकर सिल्वर मेडल हासिल किया तथा तिल्दा के कमल सिंह ध्रुव अस्थि बाधित दिब्यांग ने एस/9 वर्ग के फ्रिस्टाईल में द्वितीय स्थान प्राप्तकर सिल्वर मेडल एवं एस/9 वर्ग के बैकस्टोक मे तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्राजमेडल हासिल किया। |
| 9 | संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन बलौदाबाजार | 01 | 136 | गृहिणी स्वयं सेवी संस्था द्वारा संचालित छ.ग. सामाजिक समावेषी परियोजना अंर्तगत दिनॉक 28.11.2016 को जनपद पंचायत के सभा भवन में संवेदीकरण कार्यषाला का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम का लक्ष्य दिव्यांग साथियों का सामाजिक मुख्य स्त्रोत तथा शासकीय एवं गैरषासकीय योजनाओं से जोड़ना एवं शासकीय अधिकारियों को दिव्यांग साथियों की समस्याओं से अवगत कराकर जागरूकता लाना।<br><br>कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमान किरण कुमार कौषिक तथा पंचायत इंस्पेक्टर श्रीमान रामनाथ मनहरे एवं 99 पंचायत के रोजगार सहायक तथा सचिव उपस्थित थे, जिसमें पुरूष 110 एवं महिलाऐं 26 उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गृहिणी संस्था के ब्लाक समन्वयक चन्द्रभान मन्नाडे, ईष्वर प्रसाद छाटा, तोमेष वर्मा द्वारा किया गया।<br><br>इस कार्यक्रम में बलौदाबाजार के जन जागृति दिव्यांग कल्याण संघ के अध्यक्ष कु. रूखमणी कोसले के द्वारा दिव्यांग साथियों के समस्याओं के बारे में उपस्थित अधिकारियों को अवगत कराकर ध्यानाकर्षण किया गया और अपनी अपेक्षाओं को व्यक्त किया।<br><br>जनपद पंचायत के कार्यपालन अधिकारी श्रीमान किरण कुमार ने उपस्थित सभी पंचायत सचिव को हर एक पंचायत से एक दिव्यांग साथी को चुनकर शासन के सम्पूर्ण योजनाओं का लाभ दिलाने से 99 पंचायतों में दिव्यांग साथियों का 99 उदाहरण बन सकते हैं तथा इस कार्यक्रम से प्रत्येक पंचायत में शासन की सम्पूर्ण कार्ययोजनाओं का जागरूकता आयेगी और दिव्यांग साथी शासकीय योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। |
| 10 | बिजली बोर्ड प्रशिक्षण | 01 | 23 | गृहिणी स्वयं सेवी संस्था, हिरमी एवं साईटसेवर्स के सहयोग से संचालित छत्तीसगढ़ सामाजिक समावेशी परियोजना अंर्तगत दिव्यांगों को 4 दिवसीय बिजली बोर्ड निर्माण प्रषिक्षण दिनॉक 08.12.2016 से 11.12.2016 तक महिला सबलीकरण केन्द्र कुथरौद में प्रशिक्षक श्री देवानंद निर्मलकर के द्वारा बलौदाबाजार विकासखण्ड एवं पलारी विकासखण्ड के 6 समुहों से आये हुए कुल 23 प्रतिभागियों को प्रषिक्षण दिया गया।<br>इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्येश्य दिव्यांग साथियों को आय अर्जक गतिविधि से जोड़ना एवं आत्म निर्भर बनाना है। जिससे की दिव्यांग साथी अपने और अपनें परिवार का |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | आजिविका का कार्य कर सकें। बिजली बोर्ड का वर्तमान समय में बहुत ही मांग है क्योंकि इस बोर्ड का प्रयोग अंडर ग्राउंड वायरिंग करनें के लिए उपयोग किया जाता है जो कि वर्तमान में पक्के मकानों में सभी लोग अपनें मकान में पक्की वायरिंग एवं अंडर ग्राउंड वायरिंग करवाना चाहतें है। इस मांग को देखते हुए संस्था ने दिव्यांग साथियों को उनके कौशल विकास करनें हेतु 4 दिवसीय बिजली बोर्ड निर्माण कौशल प्रदान किया गया। कौशल प्राप्त दिव्यांग साथियों को अपनें ग्राम के समुह के साथ कार्य करनें प्रषिक्षित किया जा रहा है जिससे की समुह के सभी साथियों को रोजगार मिल सकें एवं समोहिक रूप से रोजगार पा सकें।<br>प्रषिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर संस्था उपाध्यक्ष श्रीमति बसंती वर्मा , संस्था सचिव श्रीमति रमा उपाध्यय , सह सचिव श्रीमति ईष्वरी वर्मा के द्वारा प्रषिक्षाणर्थियों को उनकी उज्जव भविष्य की कामना हेतु अर्षिवचन दियें एवं प्रतिभागियों को बिजली बोर्ड निर्माण किट व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। |
| 11 | सशक्त नेत्री हेतु राज्य स्तरीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण | 01 | 30 | छ.ग. राज्य महिला आयोग के पहल पर छ.ग. समाज कल्याण विभाग, गृहिणी स्वयं सेवी संस्था एवं साइटसेवर्स के संयुक्त तत्वाधान में विष्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दृष्टिबाधित बालिकाओं की राज्य स्तरीय आत्मरक्षा प्रषिक्षण दिनॉक 07.12. 2016 से 13.12.2016 तक 7 दिवसीय आवासीय प्रषिक्षण का आयोजन जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशियल एक्शन, विधान सभा रोड, आमा सिवनी रायपुर में किया जा रहा है। इस प्रषिक्षण में भोपाल से प्रषिक्षक श्रीमान मुस्ताक एवं रायपुर से सुश्री हर्षा साहु द्वारा दृष्टिबाधित बालिकाओं की आपातकालीन स्थिति एवं गरिमा विरूद्ध व्यवहार की स्थिति होने पर स्वयं की गरिमा, आत्मरक्षा हेतु उन्हे शारीरिक एवं मानसिक रूप से सषक्त बनाने आत्मबल एवं आत्मविष्वास मे वृद्धि कर उन्हे सक्षम करने हेतु अभिनव पहल की जा रही है।<br>इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देष्य दृष्टिबाधित किषोरी बालिकाओं को आत्मरक्षा हेतु मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार करना जो प्रषिक्षण उपरान्त छत्तीसगढ़ के विभिन्न ग्रामों में अन्य दिव्यांग साथियों को प्रषिक्षित कर आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करेंगीं।प्रथम दिवस राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष माननीया श्रीमती हर्षिता पाण्डे , विषेष अतिथि राज्य युवा आयोग के सदस्य श्री अमरजीत सिंह छाबड़ा , राज्य स्तरीय आत्म रक्षा प्रषिक्षिका हर्षा साहू , जेवियर इंस्टीट्यूट के संचालक श्री विनोद टोप्पो जी एवं गृहिणी स्वयं सेवी संस्था हिरमी के अध्यक्ष श्रीमती रूपा श्रीवास्तव जी के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।<br>कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष माननीया श्रीमती हर्षिता पाण्डे जी ने हर किषोरी बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा की प्रषिक्षण की आवष्यकता एवं विषेष कर दृष्टिबाधित एवं दिव्यांग बालिकाओं एवं महिलाओं को प्रषिक्षित होने की प्रेरणा देते हुए उन्होंनें यह कहा की इस प्रषिक्षण के उपरांत 30 से 300000 लड़कियों तक आत्मरक्षा प्रषिक्षण की मषाल अनवरत जलती रहेगी साथ ही उन्होनें महिला सषक्तिकरण में कानून ,समाज एवं शासन की भूमिका पर चर्चा की। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | कार्यक्रम में उपस्थित राज्य युवा आयोग के सदस्य श्री अमरजीत सिंह छाबड़ा जी ने दिव्यांग किशोरियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह छत्तीसगढ़ राज्य की यह पहली पहल है। जिसमें दिव्यांग बालिकाओं को आत्मरक्षा ट्रेनर के रूप में तैयार किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जिला स्तर से राज्य स्तर तक आगे बढ़ेगा। श्रीमान विनोद टोप्पो ने दृष्टिबाधित बालिकाओं को यह कह कर प्रेरणा दिया कि लूढ़कते हुए पत्थर में काई नहीं जमती और उस लोहे में जंग नहीं लगता जो रोज उपयोग होता है। और हॉथ कभी नही थकतें जो मजबूत होते है। इसके उपरांत राज्य स्तरीय प्रषिक्षिका हर्षा साहू नें दृष्टिबाधित बालिकाओं को पूर्ण रूप से प्रषिक्षित करना एक चुनौती के रूप में लिया है। |
| 12 | विश्व विकलांग दिवस रायपुर | 01 | 215 | दिनॉक 18.12.2016 को गृहिणी स्वयं सेवी संस्था द्वारा संचालित साईटसेवर्स का छत्तीसगढ़ सामाजिक समावेषी परियोजना अंतर्गत विष्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर **''खेल खिलाड़ी खेल''** कार्यक्रम का आयोजन डिकॅथलॉन ,रायपुर में किया गया। इस कार्यक्रम के **मुख्यअतिथि श्रीमान डॉ. सुरेन्द्र शुक्ला , छ.ग. प्रांत अध्यक्ष सक्षम संस्था एवं अस्थिरोग विषेषज्ञ रायपुर** एवं कार्यक्रम की **अध्यक्षता श्रीमान सुमित उपाध्याय प्रांत मंत्री किडा भारती छ.ग.**, सुखबीर सिंह, संजीव सोनी जिला उपाध्याय सक्षम संस्था, अल्ट्राटेक सिमेंट हिरमी से मनोज पुलतामकर, सुनील राव सेवानिकेतन रायपुर एवं सुमीत सागर डिकॅथलान, गौरव जैन साईटसेवर्स प्रोगाम आफिसर, गृहिणी कार्यकारिणी बसंती वर्मा उपाध्यक्ष, रमा उपाध्याय सचिव के उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।<br>इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार, रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, महासमुन्द, राजनांदगॉव, दुर्ग एवं विभिन्न जिलों से दिव्यांग साथियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विभिन्न खेलों व्हील चेयर दौड़ प्रथम रूखमणी कोषले बलौदाबाजार, द्वितीय कुन्ती फिंगेष्वर, तृतीय सोनम, सिमगा, मामबत्ती जलाना प्रथम शेखर धरसींवा, द्वितीय पार्वती धरसींवा, तृतीय टिकेष्वरी सिमगा, पालक दौड़ महिला वर्ग प्रथम द्रौपती धरसींवा, द्वितीय मंजू दूबे धरसींवा एवं तृतीय नीरा धरसींवा, पालक दौड़ पुरूष प्रथम सत्यम तिल्दा द्वितीय दिलेष्वर पलारी तृतीय भूपेन्द्र धरसींवा, बैषाखी दौड़ प्रथम लोचन रायपुर, द्वितीय बहोरन बिलासपुर, तृतीय कमलेष राजनांदगॉव, रंगोली प्रथम सीमा तिल्दा द्वितीय मोधू सिमगा, तृतीय सीता सिमगा, गुबारा दौड़ प्रथम सोना सिमगा द्वितीय देवेन्द्र तिल्दा, तृतीय रूखमणी बलौदाबाजार ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन में खेल खिलाड़ी खेल के गीत के साथ विजेताओं को सम्मानित कर पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में डिकॅथलॉन रायपुर, सेवानिकेतन छेरीखेड़ी का सहयोग रहा। |
| 13 | **जूड़ो प्रतियोगिता** | 02 | 10 | दिनांक 15.01.2017 बलौदाबाजार जिला के दिव्यांग ने अपने इरादों में जीत का सिलसिला रखने वाली दृष्टीबाधित बालिकाओ ने अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए 14 से 17 जनवरी तक गुड़गॉव में आयोजित पॉचवी राष्ट्रीय पैरालिम्पिक जूडो प्रतियोगिता में अपनें उत्कृष्ट प्रदर्शन से हरियाणा, यूपी, एम.पी., और दिल्ली की खिलाड़ियों को पटकनी देकर कु. शकुंतला नें 63 कि.ग्रा. वर्ग में रजत पदक, मालती नें 53 कि. |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | ग्रा. वर्ग में कांस्य पदक व जागेश्वरी ने 44 कि.ग्रा. वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त कर अपने आत्मविश्वास से सफलताओं का गगन छुकर जीत का बिगुल बजाया। इसके पूर्व इन बालिकाओं ने 7 एवं 8 जनवरी 2017 को बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय छ.ग. ब्लाइन्ड एवं पैरा जूडो प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से दिव्यांगों को कमजोर समझने वालों की मानसिकता ही बदल डाली और राष्ट्रीय पैरालिम्पिक जूडो प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर अपना स्थान बनाया था। इस प्रतियोगिता में 18 राज्यों के जूडो खिलाड़ियों ने अपने जौहर का प्रदर्शन किया। विजेताओं के सम्मान के लिए गृहिणी संस्था के समस्त कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में बैंड बाजे के साथ स्वागत व सम्मान तिल्दा स्टेशन में किया गया स्वागत कार्यक्रम में अल्ट्राटेक ग्रासीम से विनोद श्रीवास्तव, इन्द्र कोटवानी, पत्रकार दैनिक भास्कर एवं हीरा रमाणी गणमान्य नागरिक तिल्दा आदि उपस्थित थे। संस्था अध्यक्ष श्रीमती रूपा श्रीवास्तव ने बताया की इन बालिकाओं को संस्था द्वारा सशक्त नेत्र कार्यक्रम के माध्यम से आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, यह गृहिणी स्वयं सेवी संस्था एवं साईटसेवर्स द्वारा दिव्यांग साथियों को समाज के मुख्य धारा से जोड़ने के लगातार प्रयास का ही परिणाम है। |
| 14 | सेवा निकेतन में दाखिला | 01 | 01 | **दिनांक 05.02.2017 पलारी** विकासखण्ड से 5 कि.मी. पर बसे ग्राम दतान(प.) जहां शैलेन्द्र साहू नाम का दिव्यांग रहता है। जिसकी आयु 22 वर्ष से मुलाकात ग्राम स्तरीय बैठक दौरान संस्था के कार्यकर्ता से मुलाकात हुई, तथा उनके समूह के सदस्यों के साथ उन्हें ग्राम स्तरीय पिछली बैठक में जानकारी दिया गया था। बातचीत दौरान पता चला कि शैलेन्द्र साहू भविष्य में आगे बढ़ने हेतू इच्छुक है ,तथा वह अपना आर्थिक स्थिति सुधाराने के लिए इलेक्ट्रानिक कार्य (इलेक्ट्रीकल ट्रेड) सिखना चाहता है। हमारी संस्था के कार्यकर्ता द्वारा शैलेन्द्र साहू को सेवा निकेतन संस्था में उन्हे दाखिला कराया गया। आज एक दिव्यांग तकनीकी शिक्षा से जुड़ पाया। आगामी 6 माह में संस्था के कार्यकर्ता शैलेन्द्र साहू से लगातार मुलाकात कर उन्हें शासन से मिलने वाले योजनाओं आदि कि जानकारी दिलाने में सहयोग एवं मार्गदर्शन देते रहेगे। |
| 15 | ब्लाकस्तरीय स्ववकालत | 8 | 102<br>पुरूष 36<br>महिला 138 | **सिमगा, पलारी, बलौदाबाजार, भाटापारा,** सभी ब्लाक संघ द्वारा तथ्य आधारित मुददों पर स्ववकालत<br>संघ की ओर से वर्तमान में छ.ग. शासन द्वारा प्रधान मंत्री आवास मित्र के पदों की भर्ती में दिव्यांगो का आरक्षण सुनिश्चित करवानें के उद्वदेश्य से संघ के ने जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौपा कि राज्य शासन व केन्द्र शासन द्वारा शासकीय पदों में दिव्यांगो को 6 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। अतः प्रधान मंत्री आवास मित्र के पदो की भर्ती में दिव्यांगो का 6 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित कर पारदर्शिता के साथ भर्ती किया जाए।<br>जिसमे निम्न समस्याओं को अवगत कराया गया।<br>1. मानसिक व मुकबधिर दिव्यांग साथियों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र नही बनाया जा रहा है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | 2. जिला चिक्त्सिालय में दिव्यांगो का प्रमाण पत्र बनवाने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है, व अस्पताल प्रशासन द्वारा भी भेदभाव व अभद्र व्यवहार किया जाता है।<br>3. दिव्यांगो को प्रदान की जाने वाली रेल्वे किराया छुट, बस किराया छुट प्रमाण पत्र नही बनाया जा रहा है।<br>4. शिविर में आयोजित सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में भी दिव्यांगो के अधिकारो का हनन किया गया व अपने व प्रतिष्ठित व्यक्तियो के नजदिकी रिश्तेदारो को लाभ पहुॅचाया गया , जिनके पास मोटरसायकल है उसे ही मोटराईजसायकल ट्रायसायकल प्रदान किया गया है। जबकि वास्तविक में जिसको प्रदान किया जाना है उसे प्राप्त नही किया जा रहा है।<br>5. दिव्यांग साथियो को श्रमिक कार्ड नही बनाया जा रहा है जिसके कारण कौशल विकास प्रशिक्षण में छात्रवृत्ति प्रदान नही किया जा रहा है।<br>6. अन्तोदय राशन कार्ड दिव्यांगो का अभी तक नही बनाया गया है ,जिसमें दिव्यांगो को 10 किलोग्राम राशन प्रदान किया जाता है।<br>7. दिव्यांग को प्रदान कि जाने वाली ऋण प्रक्रिया में बहुत परेशानी का सामना करना पढ़ता है।<br>8. NRLM योजनाओं का लाभ हमारे दिव्यांग साथियो के समुहो को नही मिल पा रहा है।<br>9. जिनको पावती मिला है उनके अनुसार सहायक उपकरण नही प्राप्त हो रहा है। |
| 16 | **हाफ मैराथन में बलौदाबाजार जिले के दिव्यांगों ने दिखाया अपना जौहर** | 01 | 54 पुरूष<br>20 महिला<br>कुल 74 | 19 फरवरी 2017 को रायपुर में आयोजित हाफ मैराथन में बलौदाबाजार जिले से 74 दिव्यांगजनों की भागीदारी रही जिसमें गृहिणी संस्था के माध्यम से इन दिव्यांग साथियों का आनलाइन पंजीयन कराया गया एवं संस्था अध्यक्ष रूपा श्रीवास्तव ने दिव्यांग साथियों को विजयी हेतु शुभकॉमना दी।<br><br>मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह और केंद्रीय खेल मंत्री विजय गोयल द्वारा हरी झंडी दिखाते ही दिव्यांग साथी पूरे जोष के साथ अपने जौहर का प्रदर्षन करते हुए प्रतिद्वंदियों से आगे निकलने दौड़ पड़े। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में अन्य देश और विदेश से भी प्रतिभागी शामिल हुए थे। बलौदाबाजार जिले से उपस्थित प्रतिभागियों का परिणाम–<br><br>जागेष्वरी वर्मा, अल्पदृष्टि महिला वर्ग 1 कि.मी. दौड़ में 8वां स्थान<br>पुरूषोत्तम साहु, अस्थिबाधित, पुरूष वर्ग 3 कि.मी. दौड़ में 10वां स्थान<br>हेमा निशाद, अस्थिबाधित, महिला वर्ग 2 कि.मी. दौड़ में 8वां स्थान<br>सोना यदु, अस्थिबाधित, महिला वर्ग 2 कि.मी. दौड़ में 9वां |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | स्थान<br><br>गृहिणी संस्था दिव्यांगजनों के शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, एवं सामाजिक समावेशिता के अतिरिक्त खेल जगत में भी उनके विकास हेतु सतत् प्रयासरत है। |
| 17 | **पैरालिम्पिक एथलेटिक्स खेल** | 01 | 20 पुरूष<br>5 महिला<br>25 | बलौदाबाजार जिले के दिव्यांग 25 दिव्यांग साथियों ने पैरालिंम्पिक खेल में भाग लिया ,खेल की दुनिया में लगातार जीत हासिल कर अपना पहचान बनाया है।<br><br>दिनॉक 25 एवं 26 फरवरी 2017 को पैरा स्पोट्र्स एसोशिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा आउटडोर स्टेडियम बूढ़ापारा रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय पैरालिम्पिक एथलेटिक्स में बलौदाबाजार जिले के टकेश्वर वर्मा दृष्टिबाधित सीनियर पुरूष 200 मी.दौड़ प्रथम (स्वर्ण पदक), 100 मी.दौड़ तृतीय (रजत पदक) गोला फेक तृतीय (कास्य पदक), मोधु कुमार साहू अस्थिबाधित जूनियर पुरूष गोला फेक तृतीय(कास्य पदक) भाला फेक तृतीय (कास्य पदक), कु. पुष्पा साहू अस्थिबाधित जूनियर महिला 100 मी.दौड़ तृतीय (कास्य पदक), 200 मी.दौड़ द्वितीय (रजत पदक), गोला फेक तृतीय (कास्य पदक), रूखमणी कोसले अस्थिबाधित सीनियर महिला, तवा फेक तृतीय (कास्य पदक), तमीन कुमार ध्रुव अस्थि जूनियर पुरूष 100 मी.दौड़ द्वितीय (रजत पदक), लम्बी कुद तृतीय (कास्य पदक) एव ईश्वर छाटा अस्थिबाधित सीनियर पुरूष गोला फेक प्रथम स्थान (स्वर्ण पदक) कुल 12 पदक जीत कर सफलता प्राप्त किये। इस कार्यक्रम में दिव्यांग साथियों को खेल हेतु प्रोत्साहित एवं भागीदारी सुनिश्चित करने में गृहिणी संस्था के कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। |
| 18 | **जिलास्तरीय स्ववकालत** | 01 | 8 पुरूष 4 महिला 12 | जन जागृति दिव्यांग कल्याण संघ बलौदाबाजार का ब्लाक स्तरीय बैठक सुचना केन्द्र,गृहिणी स्वयं सेवी संस्था,बलौदाबाजार में दिनॉक 16.02.17 को रखा गया जिसमें 8 पुरूष 4 महिला कुल12 दिव्यांग साथी सम्मिलित हुए। बैटक में ब्लाक स्तरीय मुददें :– पेंशन,विवाह प्रोत्साहन राशि, राशन कार्ड, ऋण योजना, इंदिरा आवास, ट्रायसायकल ,बैसाखी, श्रवण यंत्र, एवं विभिन्न प्रकार के योजना, विकलांग प्रमाण पत्र, रोजगार संबंधित मुददें इन पर चर्चा किया गया ।<br>बैठक में अपने संगठन को कैसे सुदृढ़ीकरण करे एवं योजनाओ का लाभ सभी दिव्यांगो तक कैसे पहॅुच बनाये इस पर विस्तार पुर्वक चर्चा किया गया ग्राम व जनपद पंचायत स्तर कि समस्याओं को अवगत कराने के लिए जन जागृति दिव्यांग कल्याण संघ नें समस्याओं को ज्ञापन बनाकर 17.02.17 को आयोजित संवेदना शिविर में सांसद और विधायक को सभी संघ के पदाधिकार के पास पहॅुच कर आवेदन देने के बात कही । जिसके लिए ज्ञापन हेतु आवेदन बनाया गया , जिसमे निम्न समस्याओं को अवगत कराया गया।<br>1. दिनांक 15.02.17 के शिविर में आयोजित सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में भी दिव्यांगो के |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | अधिकारो का हनन किया गया व अपने व प्रतिष्ठित व्यक्तियो के नजदिकी रिश्तेदारो को लाभ पहुँचाया गया , जिनके पास मोटरसायकल है उसे ही मोटराईजसायकल ट्रायसायकल प्रदान किया गया है। जबकि वास्तविक में जिसको प्रदान किया जाना है उसे प्राप्त नही किया जा रहा है।<br><br>2. मानसिक व मुकबधिर दिव्यांग साथियों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र नही बनाया जा रहा है।<br>3. जिला चिक्त्सािलय में दिव्यांगो का प्रमाण पत्र बनवाने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है, व अस्पताल प्रशासन द्वारा भी भेदभाव व अभद्र व्यवहार किया जाता है।<br>4. अन्तोदय राशन कार्ड दिव्यांगो का अभी तक नही बनाया गया है ,जिसमें दिव्यांगो को 10 किलोग्राम राशन प्रदान किया जाता है।<br>5. दिव्यांग को प्रदान कि जाने वाली ऋण प्रक्रिया में बहुत परेशानी का सामना करना पढ़ता है।<br>6. NRLM योजनाओं का लाभ हमारे दिव्यांग साथियो के समुहो को नही मिल पा रहा है।<br>7. दिव्यांग साथियो को श्रमिक कार्ड नही बनाया जा रहा है जिसके कारण कौशल विकास प्रशिक्षण में छात्रवृत्ति प्रदान नही किया जा रहा है।<br>8. दिव्यांगो को प्रदान की जाने वाली रेल्वे किराया छुट, बस किराया छुट प्रमाण पत्र नही बनाया जा रहा है।<br>9. जिनको पावती मिला है उनके अनुसार सहायक उपकरण नही प्राप्त हो रहा है।<br>इन समस्याओं को अवगत कराने के लिए ब्लाक व जिलास्तरीय पर स्ववकालत किया गया। |
| 19 | सुग्मय जागरूकता कार्यक्रम | 01 | 48 पुरूष<br>16 महिला<br>64 | **दृष्टिबाधित बालिकाओं ने मॉगा बाधामुक्त वातावरण एवं शिक्षा का अधिकार**<br>गृहिणी स्वयं सेवी संस्था हिरमी, साईटसेवर्स, एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त प्रयास से दिनॉक 20.03.2017 को कलेक्टोरेट सभागृह बलौदाबाजार में जिला स्तरीय एकदिवसीय सुगम्य जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गृहिणी संस्था अध्यक्ष रूपा श्रीवास्तव, सामर्थ्यम संस्था दिल्ली की कार्यकारी निर्देशक अंजली अग्रवाल, एवं अध्यक्ष देवब्रत चक्रवर्ती, कलेक्टर डॉ. बसवराजु एस., अपर कलेक्टर लीना कमलेश मण्डावी, एस.डी.एम. तीरथराज अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया, तत्पश्चात् गृहिणी संस्था अध्यक्ष रूपा श्रीवास्तव द्वारा संस्था के कार्यो एवं उपब्धियों को विडियो के माध्यम से प्रस्तुत किया।<br>कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए परामर्शदाता, सामर्थ्यम संस्था दिल्ली की कार्यकारी निर्देशक अंजली अग्रवाल ने दिव्यांग साथियों के पहुँच हेतु परेशानियों एवं सुगम्यता को ध्यान में रखते हुए भवन/स्कूल/सड़क/बस स्टाप/शौचालय आदि के निर्माण में सुगम्यता के विभिन्न पहलुओं जैसे–सर्व |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | सुगम मार्ग, जनसम्पर्क काउंटर, सार्वजनिक टेलिफोन, लिफ्ट, ढलान, पैदलपथ, पार्किंग, रैम्प, शौचालय, वाशबेसीन, पायदान और सीढ़ियॉ, रेलिंग, स्पर्श ग्राह्य सतह, परिभ्रमण क्षेत्र, मूत्रालय आदि के निर्माण पर विस्तृत विवरण प्रस्तुतिकरण के माध्यम से बताया, साथ ही दिव्यांगो हेतु सुगम शौचालय निर्माण हेतु प्रायोगिक प्रदर्शन के माध्यम से शासकीय इंजीनीयर, कारपोरेट के अधिकारी एवं दिव्यांग साथियों को सुगम्यता की जानकरी दी।<br>कलेक्टर डॉ. बसवराजु एस. ने सुगम्यता को ध्यान में रखते हुए जिले में बन रहे शासकीय भवनों, स्कूलों, सड़कों,बगीचों में दिव्यांगो के पहुॅच हेतु सुगम्य वातावरण बनाने कार्यशाला में उपस्थित विभिन्न विभागाध्यक्षों एवं औद्योगिक संस्थानों को निर्देशित किया साथ ही पहले से बने भवनों का सूची बनाकर उन भवनों का एक्सेस आडिट करा कर उसे दिव्यांग साथियों के पहुच हेतु आ रही बाधाओं को दूर कर सुगम्य बनाने के निर्देश दिये। बलौदाबाजार जिले को दिव्यांगों हेतु सुगम्य बनाने के लिये जिला कलेक्टर के साथ गृहिणी संस्था लगातार प्रयासरत है।<br>इस कार्यशाला में उपस्थित राष्ट्रीय पैरालिम्पिक जूडो प्रतियोगिता में विजयी दृष्टिबाधित बालिकाओं मालती, जागेष्वरी, शकुन्तला एवं मंजुला को कलेक्टर ने सम्मानित किया। इन बालिकाओं ने बताया कि वे खेल के साथ साथ पढ़ाई करना चाहती है, इस पर कलेक्टर द्वारा गृहिणी संस्था अध्यक्ष रूपा श्रीवास्तव से बलौदाबाजार जिले में ऐसे दृष्टिबाधित दिव्यांग साथियों (जो पढ़ने चाहते है) की सूची उपलब्ध कराने को कहा गया है।<br>इस कार्यशाला में विशेष रूप से बिलाईगढ़ के अपर कलेक्टर श्री अनुपम तिवारी, महिला एवं बाल विकास विभाग से आई.टोप्पो, पी.डब्ल्यू.डी. विभाग से प्रमोद खरे, गृह निर्माण मण्डल से आनन्द साहु, अल्ट्राटेक सी.एस.आर. से विनोद श्रीवास्तव एवं अनिल झा, उद्योग विभाग से प्रमोद टंडन, नगर पालिका अध्यक्ष हरीश कुमार मांझी एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस कार्यशाला को सफल बनाने में गृहिणी संस्था के कार्यकर्ताओं, समाज कल्याण विभाग से सुश्री बीना दीक्षित का विशेष योगदान रहा। |

## संक्षेप में उपलब्धियॉ–

| क्र. | गतिविधि | कार्यक्रम संख्या | प्रतिभागी संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | सबल समूह का गठन | 134 | 1382 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | सबल समूह का बैठक | 250 | 4570 |
| 3 | विश्व महिला दिवस | 01 | 150 |
| 4 | विश्व दृष्टि दिवस | 01 | 86 |
| 5 | विश्व विकलांगता दिवस | 01 | 128 |
| 6 | बेसलाइन सर्वे | 01 | 5938 |

**उपलब्धिः–**

| क्रमॉक | **योजनाऍ** | **अब तक उपलब्धि** |
|---|---|---|
| 1 | विकलांगता प्रमाण पत्र | 2902 |
| 2 | पेंशन | 596 |
| 3 | रेल पास | 777 |
| 4 | बस पास | 130 |
| 5 | सहायक उपकरण | 705 |
| 6 | राशन कार्ड | 3487 |
| 7 | मनेरगा जाब कार्ड प्राप्त | 797 |
| 8 | आधार कार्ड | 3933 |
| 9 | इंदिराआवास प्राप्त | 278 |

# —: फोटो गैलरी :—

समाज कल्याण द्वारा सहायक उपकरण वितरण




पान किराना प्रशिक्षण





चित्रकला प्रतियोगिता





बिजली बोर्ड प्रशिक्षण





रस्सी निर्माण प्रशिक्षण





दिव्यांगों का राज्य स्तरीय दिव्यांग तैराकी





सशक्त नेत्री हेतु राज्य स्तरीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण






विश्व विकलांग दिवस रायपुर







स्ववकालत एवं शैक्षणिक भ्रमण





हाफ मैराथन में बलौदाबाजार जिले के दिव्यांगों ने दिखाया अपना जौहर....






पैरालिम्पिक एथलेटिक्स खेल...





सुग्मय जागरूकता कार्यक्रम






# प्रेस रिलीज

